सहस्त्रधारा में बनेगा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की तर्ज पर हेलीड्रोम

चर्चा में क्यों?

24 नवंबर, 2022 को उत्तराखंड नागरिक उडन्नयन सचिव दिलीप जावलकर ने बताया कि देहरादून सहस्त्रधारा में अगले यात्रा सीजन तक आधुनिक सुविधाओं से हेलीड्रोम का निर्माण किया किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि केदारनाथ धाम के लिये सिरसी, गुप्तकाशी, फाटा से संचालित होने वाली हेली सेवा में यात्रियों की भीड़ बढ़ रही है। इसे देखते हुए अगले साल से सहस्त्रधारा से केदारनाथ, बदरीनाथ के लिये हेली सेवा संचालित करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।
- उत्तराखंड नागरिक उडन्नयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के माध्यम से प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। हेली सेवा संचालन के लिये यूकाडा की ओर से एविएशन कंपनी को ऑफर दिया जाएगा तथा डीजीसीए की अनुमति मिलने के बाद देहरादून से भी यात्रियों को सीधे हेली सेवा का लाभ मिलेगा।
- यहाँ पर यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की तरज पर सुविधाएँ मिलेंगी। इस हेलीड्रोम की क्षमता 500 यात्रियों की होगी। इससे हेलिकॉप्टर की पार्किंग के अलावा यात्रियों को एयरपोर्ट पर कई तरह की सुविधाएँ मिलेंगी।
- यूकाडा की ओर से सहस्त्रधारा हेलीपैड विस्तार के लिये नगर निगम की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिये नगर निगम को भूमि के बदले 13 करोड़ रुपए भुगतान किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/helidrome-will-be-built-on-the-lines-of-international-airport-in-sahastradhara